Government Degree college,

Bagaha, west champaran

Subject - Political science

(Subsidiary)

Part — 1st

Important Topic

आधुनिक राजनीति विज्ञान का क्षेत्र

(SCOPE OF MODERN POLITICAL SCIENCE)

H. O. D

Assistant professor

AJAY KUMAR

Ajay Kumar

Scanned with CamScanner

आधुनिक राजनीति विज्ञान का क्षेत्र

(SCOPE OF MODERN POLITICAL SCIENCE)

आधुनिक राजनीति विज्ञान परम्परावादी राजनीति विज्ञान के विषय क्षेत्र में आने वाली सभी अवधारणाओं / तत्वों को अपने विषय क्षेत्र का अंग मानता है किन्तु उसके साथ-साथ वह अपने विषय-क्षेत्र के अन्तर्गत निम्नांकित तत्वों के अध्ययन पर अधिक बल देता है।

(1) राजनीति विज्ञान राजनीतिक व्यवस्था का अध्ययन है- राजनीति विज्ञान के आधुनिक दृष्टिकोण के अनुसार इसे राजनीतिक व्यवस्था का अध्ययन कहा जा सकता है।

Scanned with CamScanner

डेविड ईस्टन तथा आमण्ड पावेल जैसे आधुनिक विद्वान राजनीति विज्ञान को कुछेक औपचारिक संरचनाओं - संस्थाओं, जैसे राज्य, सरकार, राजनीतिक दल, संयुक्त राष्ट्र संघ आदि से सम्बन्धित विज्ञान होने के साथ-साथ इन औपचारिक संरचनाओं - संस्थाओं को प्रभावित करने वाले तत्वों से सम्बन्धित मानते हैं और इसी कारण वे राजनीति विज्ञान में इन तत्वों और तथ्यों का भी अध्ययन करना आवश्यक समझते हैं। इन विद्वानों की मान्यता है कि राजनीतिक रूप से औपचारिक संस्थाओं तथा संरचनाओं का ज्ञान तब तक अधूरा रहता है जब तक इन्हें प्रभावित व प्रेरित करने वाले तत्वों का अध्ययन नहीं किया जाता है। वास्तव में, यह तत्व - तथ्य ही औपचारिक संरचनाओं संस्थाओं को सही अर्थ देते हैं तथा उनकी सही उपयोगिता व महत्व बताते हैं।

Scanned with CamScanner

(2) राजनीतिक व्यवहार का अध्ययन

राजनीति विज्ञान के अध्ययन-क्षेत्र में आज न केवल राज्य व सरकार का अध्ययन ही सम्मिलित है वरन् नागरिकों की राजनीतिक गतिविधियाँ भी राजनीति विज्ञान के अध्ययन के लिए सहायक सिद्ध हुयी है। किसी भी राज्य में नागरिकों के मतदान व्यवहार की प्रकृति, लोकमत के साधन आदि भी राजनीति विज्ञान में उपयोगी माने गये हैं। राजनीति विज्ञान के क्षेत्र में नागरिकों की राजनीतिक गतिविधियाँ अनेक राजनीतिक विषयों की खोज में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं।

(3) अन्य सामाजिक विज्ञानों का अध्ययन है

राजनीति विज्ञान अन्य सामाजिक विज्ञानों से अलग हटकर अपनी समस्याओं का अध्ययन नहीं कर सकता। अन्य सामाजिक विज्ञान भी मानव से सम्बन्धित होने के कारण मानव के किसी भी ~~विध~~विशेष पहलू का अध्ययन करते हैं। मानव जीवन के राजनीतिक विचारों को प्रभावित करने में सामाजिक, आर्थिक, भौगोलिक, मनोवैज्ञानिक आदि तत्व भी महत्वपूर्ण समझे जाते हैं।

Scanned with CamScanner

राजनीति विज्ञान का अध्ययन अन्य सामाजिक विज्ञानों के अध्ययन के बिना अधूरा माना जाता है। यही कारण है कि अनेक विद्वानों ने राजनीतिक संगठन के भौगोलिक आधारों का विश्लेषण किया है। फ्रांसीसी विचारक मॉण्टेस्क्यू का नाम इस संबंध में उल्लेखनीय है। कार्ल मार्क्स जैसे विद्वान ने राजनीति विज्ञान के लिए आर्थिक आधार को महत्व दिया है। ग्राहम वालास आदि ने ~~राजनीतिक~~ राजनीतिक व्यवहार को समझने के लिए मनोविज्ञान की ओर संकेत किया है।

(4) सत्ता तथा राज्य शक्ति का अध्ययन –

राजनीति विज्ञान के विषय क्षेत्र में सत्ता तथा राज्य शक्ति का अध्ययन एक विशिष्ट स्थान रखता है। सत्ता क्या है? राज्य शक्ति किस प्रकार प्राप्त की जाती है तथा राज्य तथा सरकार अपने कानूनों का पालन करवाने के लिए किन-किन साधनों पर निर्भर करते हैं – ये कुछ ऐसे प्रश्न हैं जिनका उत्तर राजनीति विज्ञान से ही प्राप्त किया जा सकता है। सत्ता तथा राज्य शक्ति से संबंधित तथ्य ही राजनीति विज्ञान का वास्तविक आधार है।

Scanned with CamScanner

(5) राजनीति विज्ञान समस्याओं व संघर्ष का अध्ययन है– कुछ आधुनिक विद्वान राजनीति विज्ञान को समस्याओं व संघर्ष का अध्ययन मानते हैं। ऐसे विचारकों में डायक व ओडगार्ड के नाम उल्लेखनीय हैं। इनका मत है कि मूल्यों एवं साधनों की सीमितता के कारण उनके वितरण की समस्या उत्पन्न होती है तथा लोगों के बीच परस्पर तनाव व संघर्ष स्वाभाविक हो जाते हैं। राजनीति विज्ञान ऐसे संघर्ष का ही नाम है। यह विचारक संघर्ष को ही राजनीति विज्ञान का अंग मानते हैं क्योंकि वह यह मानते हैं कि सभी राजनीतिक संघर्ष राजनीतिक नहीं होते।

निष्कर्ष– आधुनिक राजनीति विज्ञान का कार्य वास्तव में कठिन कार्य है। वह परम्परागत राजनीति विज्ञान की उपलब्धियों व उनकी समस्याओं को अपने विषय क्षेत्र में समेट लेना चाहता है, साथ ही व भविष्य की राजनीतिक व्यवस्था तथा वर्तमान राजनीति की अनेक क्रियाओं, प्रक्रियाओं तथा उनकी वैज्ञानिक पद्धतियों को भी अपने विषय-क्षेत्र में सम्मिलित करना चाहता है। आधुनिक राजनीति का अर्थ क्या है और क्या होना चाहिए तथा दोनों के बीच सामंजस्य कैसे बैठाया जाये, इस दृष्टि से सरकार और राजनीतिक प्रक्रिया के व्यवस्थित अध्ययन को राजनीतिक विज्ञान कहा जा सकता है।

Scanned with CamScanner